ಒಟ್ಟು ಮುದ್ರಿತ ಪುಟಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 8 ]
Total No. of Printed Pages : 8 ]
ಒಟ್ಟು ಪ್ರಶ್ನೆಗಳ ಸಂಖ್ಯೆ : 47 ]
Total No. of Questions : 47 ]

**C**

**CCE PF**
**CCE PR**
**REVISED**

Question Paper Serial No. **80**

यहाँ से काटिए

**ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

**Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ
# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹೊಸ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / New Syllabus )**

**( ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ & ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Fresh & Private Repeater )**

ದಿನಾಂಕ : 03. 04. 2020 ] [ Date : 03. 04. 2020

ಸಮಯ : ಬೆಳಗ್ಗೆ 9-30 ರಿಂದ ಮಧ್ಯಾಹ್ನ 12-30 ರವರೆಗೆ ] [ Time : 9-30 A.M. to 12-30 P.M.

ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100 ] [ Max. Marks : 100

**TEAR HERE TO OPEN THE QUESTION PAPER**
**प्रश्नपत्र को खोलने के लिए यहाँ फाड़ें**

## *परीक्षार्थियों के लिए सामान्य सूचनाएँ :*

1. इस प्रश्नपत्र में वस्तुनिष्ठ एवं गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के कुल 47 प्रश्न हैं ।
2. यह प्रश्नपत्र रिवर्स जैकेट द्वारा सील किया हुआ है । परीक्षा प्रारंभ होने के समय आप प्रश्नपत्र के दाएँ भाग को काटकर खोलें तथा जाँच करें कि सभी पृष्ठ अक्षुण्ण हैं ।
3. सभी वस्तुनिष्ठ तथा गैर-वस्तुनिष्ठ प्रकार के प्रश्नों के लिए दिए गए निर्देशों का पालन करें ।
4. प्रश्नों के निर्धारित अंक उसके दाहिनी ओर हाशिये में दिए गए हैं ।
5. प्रश्नों के उत्तर देने के लिए अधिकतम समय इस पृष्ठ के ऊपर में दिया गया है जिसमें प्रश्नपत्र पढ़ने का 15 मिनट भी शामिल है ।

Tear here

I. **निम्नलिखित प्रश्नों के लिए चार-चार विकल्प सुझाए गये हैं, उनमें से सर्वाधिक उचित विकल्प चुनकर उसके संकेताक्षर सहित पूर्ण रूप से लिखिए :** 10 × 1 = 10

1. 'लिफाफा' शब्द का बहुवचन रूप है –

   (A) कागज (B) पाकिट

   (C) लिफाफों (D) लिफाफे ।

2. निम्नलिखित में से स्त्रीलिंग शब्द है –

   (A) हाथी (B) मोरनी

   (C) बैल (D) शेर ।

3. 'बेचना' शब्द का विलोम रूप है –

   (A) खरीदना (B) भेजना

   (C) लाना (D) बचाना ।

4. 'लगना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया रूप है –

   (A) लगन (B) लगवाना

   (C) लगाना (D) लग गया ।

5. हाथी भाई, हम लोग मकान बनाना चाहते हैं ।

   वाक्य में प्रयुक्त विराम चिह्न है –

   (A) विस्मयादिबोधक (B) अल्पविराम

   (C) प्रश्नवाचक (D) कोष्ठक ।

6. निम्नलिखित में से द्वन्द्व समास है –

   (A) राजवंश (B) जलप्रपात

   (C) दोपहर (D) देश-विदेश ।

7. अब्दुल कलामजी का जन्म रामेश्वरम् ........... हुआ ।

   रिक्त स्थान में सही कारक होगा –

   (A) से (B) की

   (C) में (D) का ।

8. 'परोपकार' शब्द में संधि है –

(A) गुण (B) यण्

(C) व्यंजन (D) दीर्घ ।

9. 'खून-पसीना एक करना' मुहावरे का अर्थ है –

(A) काम न करना (B) खून करना

(C) पढ़ाई करना (D) बहुत मेहनत करना ।

10. जो ईश्वर में विश्वास करता हो –

इस वाक्य के लिए एक शब्द है –

(A) ईश्वरी (B) आस्तिक

(C) देव (D) नास्तिक ।

II. **निम्नलिखित प्रथम दो शब्दों के सूचित संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए :** 5 × 1 = 5

11. मेजर : कुमार : : कर्नल : .......................

12. रामानंद शास्त्रो : पक्षो लक्ष्मण शास्त्री : : अब्दुल कलाम : .......................

13. कश्मीरी सेब बेचनेवाला : बेईमान : : रेवड़ी बेचनेवाला : .......................

14. भोला-भाला : बालकृष्ण : : चुगलखोर : .....................

15. रोबोदीप : शर्मा परिवार : : रोबोनिल : ....................

III. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक पूर्ण वाक्य में लिखिए : 5 × 1 = 5

16. गाजर को खाने की मेज पर स्थान क्यों मिलने लगा है ?

17. आज मनुज का यान कहाँ जा रहा है ?

18. बसंत और प्रताप किसके घर में रहते थे ?

19. कवि भारतमाता से क्या प्रार्थना करते हैं ?

20. दोस्तों की मुलाकात सबसे पहले किससे हुई ?

IV. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए :** 10 × 2 = 20

21. आशियम्मा अब्दुल कलामजी को खाने में क्या-क्या देती थीं ?
22. आयोजकों ने परसाईजी को निमंत्रण क्यों दिया ?
23. बिछेन्द्री पाल के परिवार का परिचय दीजिए ।
24. यशोदा कृष्ण को कैसे शांत करती है ?
25. भैंस के पंजर से दोस्तों को कैसी जानकारी मिली ?
26. 'प्रकृति पर सर्वत्र है विजयी पुरुष आसीन' इस पंक्ति का आशय क्या है ?
27. चींटी की मेहनत बेकार नहीं होती । कैसे ?
28. सूर्य से पृथ्वी और शनि का अंतर बताइये ।

**अथवा**

'शनैःचर' का अर्थ क्या है ?

29. पाठ के अनुसार सत्य का स्वरूप कैसा है ?

**अथवा**

महात्मा गाँधीजी ने सत्य के बारे में कहा है ?

30. देश के प्रति हमारे कर्तव्यों के बारे में लिखिए ।

**अथवा**

पर्यावरण के बारे में सलमा ने क्या कहा ?

V. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर तीन-चार वाक्यों में लिखिए :** 11 × 3 = 33

31. प्रताप राजकिशोरजी के घर क्यों आया ?
32. 'वीडियो कान्फरेन्स' के बारे में आप क्या जानते हैं ?
33. रोबोनिल के कार्यों का विवरण दीजिए ।
34. मातृभूमि के प्राकृतिक सौंदर्य के बारे में लिखिए ।
35. कलेक्टर साहब ने बालशक्ति की तारीफ कैसे की ?
36. कवि समय का सदुपयोग करने को क्यों कहते हैं ?

37. कन्नड भाषा तथा संस्कृति को कर्नाटक के साहित्यकारों की देन क्या है ?

38. सेब की हालत के बारे में लिखिए ।

39. तुलसीदासजी राम-नाम की महिमा का वर्णन कैसे करते हैं ?

40. निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :

मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।
पालै पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।

41. गद्यांश का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए :

शनिग्रह का सबसे बड़ा उपग्रह टाइटन है । यह हमारे चन्द्रमा से भी बड़ा है । इसका व्यास 5,150 किलोमीटर है ।

VI. **निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर पाँच-छः वाक्यों में लिखिए :** $3 \times 4 = 12$

42. गिल्लू के अंतिम दिनों का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

गिल्लू के क्रिया-कलाप के बारे में लिखिए ।

43. कर्नाटक के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन कीजिए ।

**अथवा**

कर्नाटक की शिल्पकला और वास्तुकला के बारे में लिखिए ।

44. निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए :

असफलता ................................................

...........................................................

...........................................................

........................................... भागो तुम ।

VII. 45. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

5 × 1 = 5

नागाओं का प्रमुख व्यवसाय कृषि है । अपने परिवार के लिए प्रत्येक नागा के पास काफी मात्रा में भूमि होती है । भूमि की कमी पड़ने पर ये लोग स्वयं ही वनों को काटकर खेती योग्य भूमि बना लेते हैं । खेती में मुख्य रूप से आलू और धान उपजाये जाते हैं । इसके अतिरिक्त विभिन्न प्रकार के फल एवं साग-सब्जी भी उगाए जाते हैं । खेती की नवीन विधियों का प्रचार भी अब इनमें होने लगा है । नागाओं का प्रधान भोजन चावल एवं मांस है । चावल से ये एक प्रकार की शराब बनाते हैं और उसे आनंद से पीते हैं । इसे 'अपौंग' कहते हैं ।

क) नागा लोग खेती योग्य भूमि कैसे बना लेते हैं ?

ख) नागा लोग खेतों में क्या-क्या उगाते हैं ?

ग) 'अपौंग' किसे कहते हैं ?

घ) नागाओं की कृषि पद्धति में क्या बदलाव हुए हैं ?

ङ) नागाओं का प्रधान भोजन क्या है ?

VIII. 46. **दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर 15 - 20 वाक्यों में किसी एक विषय के बारे में निबंध लिखिए :** 1 × 5 = 5

क) बेरोजगारी

* प्रस्तावना
* कारण
* निवारण/उपाय
* उपसंहार ।

ख) स्वच्छ भारत

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ स्वच्छता का महत्व
* ✳ स्वच्छ परिसर से लाभ
* ✳ स्वच्छता रखने के उपाय
* ✳ उपसंहार ।

ग) जनसंख्या की समस्या

* ✳ प्रस्तावना
* ✳ जनसंख्या वृद्धि के कारण और परिणाम
* ✳ जनसंख्या नियंत्रण के उपाय
* ✳ उपसंहार ।

IX. **निम्नलिखित विषय के बारे में पत्र लिखिए :** 1 × 5 = 5

47. कोइ सकारण बताते हुए चार दिन की छुट्टी के लिए अपनी पाठशाला के प्रधानाध्यापकजी को एक पत्र लिखिए ।

**अथवा**

जीवन में पढ़ाई के महत्व को बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए ।